पोर्टल/वेबसाईट

कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश
सतपुडा भवन भोपाल

क्रमांक: 60/589/आउशि/छा.शा./18, भोपाल, दिनांक 17/01/2018

प्रति,

प्राचार्य,
समस्त शासकीय महाविद्यालय
मध्यप्रदेश.

विषय— गांव की बेटी, प्रतिभा किरण, विक्रमादित्य योजना के भुगतान विषयक।

संदर्भ:— कार्यालयीन पत्र क्रमांक 46 /859/आउशि/छात्रवृत्ति/2018 दिनांक 11.01.2018 ।

—0—

विषयान्तर्गत लेख है कि विगत शैक्षणिक सत्र से गांव की बेटी, प्रतिभा किरण तथा विक्रमादित्य छात्रवृत्ति योजना का संचालन राष्ट्रीय विज्ञान सूचना केन्द्र भोपाल द्वारा निर्मित विद्यार्थि सुविधा पटल के माध्यम से किया जा रहा है । क्रियान्वयन की सुविधा हेतु उक्त योजनओं का मूलतः प्रक्रिया प्रवाह अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण विभाग कि छात्रवृत्ति योजनाओं के अनुसार रखा गया है ।

(2) विद्यार्थी सुविधा पटल पर विद्यार्थी के आवेदनो को टेंम्परेरी रिजेक्ट कर आवेदनों में सुधार किये जाने की व्यवस्था की गई है। जबकि परमानेन्ट रिजेक्ट किये जाने की सुविधा केवल और केवल विद्यार्थी के आवेदन स्थायी रूप से निरस्त किये जाने हेतु प्रदान की गई है । जिसके उपरान्त संबंधित विद्यार्थी वर्तमान शैक्षणिक सत्र में किसी भी छात्रवृत्ति का लाभ लेने से पूर्णतः वंचित हो जायेगा । इसकी जिम्मेदारी संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य की होगी । अतः परमानेन्ट रिजेक्ट करने से पूर्व आवेदन का सम्पूर्ण परीक्षण किया जाना सुनिश्चित किया जावे ।

(3) वर्तमान में विद्यार्थी सुविधा पटल से कोष एंव लेखा कार्यालय के कम्प्युटराईजेशन सिस्टम का इन्टीकेशन नहीं हुआ है। अतः इन योजनाओं के आवेदनों का स्वीकृति उपरांत भुगतान आदेश तथा भुगतान हेतु निर्देशार्थ सी. एस. वि. फाइल डाउनलोड करने के उपरान्त आपके संबंधित डी. डी. ओ. के द्वारा छात्रवृत्ति वितरण देयक, कोष एंव लेखा के जिला कार्यालय को प्रस्तुत किया जाना है ।

कृपया तत्काल कार्यवाही करना सुनिश्चित करें, जिससे कि उक्त योजनाओं के भुगतान की अंतिम तिथि 31.01.2018 के पूर्व भुगतान किया जा सके ।

(वि.क.अ.सह.आयुक्त,उच्च शिक्षा द्वारा अनुमोदित)

(डॉ0 पूर्णिमा लोदवाल)
विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी
उच्च शिक्षा मध्यप्रदेश

क्रमांक:61/589/आउशि/छा.शा./18, भोपाल, दिनांक 17/01/2018

प्रतिलिपि—

1 निज सहायक, आयुक्त उच्च शिक्षा सतपुडा भवन भोपाल मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ।

2 निज सहायक, आयुक्त कोष एंव लेखा म0प्र0 शासन भोपाल मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ ।

3. श्री सुनील जैन, वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, राष्ट्रीय विज्ञान सूचना केन्द्र भोपाल मध्यप्रदेश की ओर तकनीकी मार्गदर्शन किये जाने हेतु प्रेषित ।

4 श्री विनीत तिवारी, वरिष्ठ तकनीकी सलाहकार, उच्च शिक्षा सतपुडा भवन भोपाल मध्यप्रदेश ।

विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी
उच्च शिक्षा मध्यप्रदेश